Title: Need for laying of broad-gauge line between Dungarpur and Ratlam via Banswada in Rajasthan - Laid.

श्री ताराचन्द भगोरा (बांसवाड़ा) : अध्यक्ष महोदय, दक्षिण राजस्थान के उदयपुर संभाग में उदयपुर, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, और बांसवाड़ा आदिवासी बाहुल क्षेत्र होने के साथ साथ एक महत्वपूर्ण पर्यटक क्षेत्र भी हैं। यहां पर खनिज धातुओं का बहुत बड़ा भंडार है, जैसे जिंक, लेड, रॉक, फास्फेट, मारबल, सोफस्टोन इत्यादि। रेलवे की ब्रॉडगेज लाईन नहीं होने के कारण यह क्षेत्र विकास के क्षेत्र में बहुत पिछड़ गया है। यहां पर 80 प्रतिशत आदिवासी निवास करते हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय एवं गंभीर है। देश इक्कीसवीं सदी में वैश्वीकरण की ओर बढ़ रहा है लेकिन इस क्षेत्र की जनता आज भी 18वीं - 19वीं सदी में जीने को मजबूर है। डूंगरपुर-रतलाम वाया बांसवाड़ा रेलवे लाइन का सर्वे हो चुका है, परंतु वित्तीय प्रावधान न होने के कारण इसका अभी तक कार्य भी शुरू नहीं हो पाया है। इसी वित्तीय वर्ा में उक्त कार्य को तेज गति से चलाने हेतु धन का प्रावधान किया जाये ताकि यह कार्य शीघ्र पूरा हो सके। उदयपुर से मोडासा रेलवे लाइन को ब्रॉडगेज की स्वीकृति मिल जाये तो यह क्षेत्र मुम्बई से सीधे जुड़ सकता है। कृपया इस सर्वे हुई लाइन के लिये वित्तीय प्रावधान किया जाये और उदयपुर से मोडासा ब्रॉडगेज लाइन की भी अविलम्ब स्वीकृति प्रदान की जाये। उक्त तीनों कार्य पूरा होने से इस क्षेत्र की आदिवासी जनता लाभान्वित होगी और यह कदम उनके लिये विकास की दृटि से बहुत ही महत्वपूर्ण होगा।